भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 506**
03 फरवरी, 2026 को उत्तरार्थ

**विषय- सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य**

506. श्री अशोक कुमार रावत:

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने सी2+50 प्रतिशत फार्मूला के अनुसार सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) प्रदान करने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हाँ, तो उन फसलों के नाम क्या हैं जिनके लिए अब तक उक्त फार्मूला लागू किया गया है, यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं; और

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकारी खरीद का राज्यवार और फसल-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) से (ग): सरकार प्रतिवर्ष, कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की सिफारिशों के आधार पर, राज्य सरकारों और संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों के अभिमतों पर विचार करने के बाद, पूरे देश के लिए 22 अधिदेशित कृषि फसलों हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तय करती है। 22 अधिदेशित फसलों में 14 खरीफ फसलें यथा धान, ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी, अरहर (तूर), मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी, तिल, रामतिल, कपास तथा 6 रबी फसलें यथा गेहूं, जौ, चना, मसूर (लेंटील), रेपसीड एवं सरसों, कुसुम्भ तथा दो वाणिज्यिक फसलें यथा पटसन एवं कोपरा शामिल हैं।

वर्ष 2018-19 के केंद्रीय बजट में एमएसपी को उत्पादन लागत के डेढ़ गुना के स्तर पर रखने के पूर्व-निर्धारित सिद्धांत की घोषणा की गई थी। तद्नुसार, सरकार द्वारा वर्ष 2018-19 से अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत पर न्यूनतम 50 प्रतिशत लाभ के साथ सभी अधिदेशित खरीफ, रबी और अन्य वाणिज्यिक फसलों के लिए एमएसपी में वृद्धि की गई।

देश के किसानों को एमएसपी वृद्धि से लाभ हुआ है, जो खरीद एवं किसानों को दी गई एमएसपी की राशि के आँकड़ों से स्पष्ट है। फसल वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक किसानों को भुगतान की गई खरीद और एमएसपी राशि का विवरण नीचे दिया गया है:

**<u>एमएसपी फसलों की खरीद और एमएसपी राशि</u>**

| **सभी एमएसपी फसलें** | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25** |
|---|---|---|---|
| **कुल खरीद (एलएमटी में(** | 1,118 | 1,089 | 1,223 |
| **कुल एमएसपी मूल्य (लाख करोड़ में(** | 2.47 | 2.63 | 3.47 |

*****